मुख्यमंत्री ने बीजापुर में सी-मार्ट का किया लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

19 मई, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के द्वितीय चरण में बीजापुर ज़िला मुख्यालय में 47 लाख 96 हज़ार रुपए की लागत से नवनिर्मित सी-मार्ट का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के द्वितीय चरण में पहले दिन 18 मई को सुकमा ज़िला मुख्यालय में 58 लाख की लागत से निर्मित सी-मार्ट का लोकार्पण किया था।
- सी-मार्ट (छत्तीसगढ़-मार्ट) के नाम से संचालित इस सुपर मार्केट में स्थानीय उत्पाद के अलावा दैनिक उपयोगी वस्तुओं का विक्रय बाज़ार से कम दामों में किया जाएगा।
- गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के सभी ज़िला मुख्यालय में राज्य के लघु, कुटीर उद्योगों, स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिये सुपर मार्केट की तर्ज़ पर सी-मार्ट प्रारंभ किये जा रहे हैं।
- सी-मार्ट के माध्यम से छत्तीसगढ़ के लघु, कुटीर उद्योगों और परंपरागत शिल्पियों, बुनकरों, दस्तकारों, कुंभकारों के साथ महिला समूहों, गोठान में निर्मित सामग्री के साथ-साथ वन विभाग के उत्पादों की बिक्री भी की जाएगी। इससे स्थानीय लोगों के लिये रोज़गार के नए अवसर बढ़ेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-dedicates-c-mart-in-bijapur